# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः— डॉ0 अरूण गर्ग
आई.ए.एस.

**प्रकरण संख्या 137/2026**

राजस्थान सरकार जरिये विकास महला, प्रवर्तन अधिकारी

——प्रार्थी

**बनाम**

श्री सुरेश पुत्र श्री घासीराम प्रबन्धक तंवर होटल, शाकम्भरी गेट के पास, उदयपुरवाटी झुंझुनू

——अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6ए के अन्तर्गत जब्तशुदा सामग्री के निस्तारण बाबत।

——

उपस्थितः—
1. श्री विकास कुमार – प्रार्थी की ओर से उपस्थित।
2. अप्रार्थी स्वयं उपस्थित।

## आदेश

**दिनांक 27.04.2026**

प्रार्थी के अनुसार प्रार्थना पत्र निम्नानुसार पेश है कि दिनांक 16.03.2026 को तंवर होटल, शाकम्भरी गेट के पास, उदयपुरवाटी झुंझुनू के विरुद्ध घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक प्रयोग की औचक जांच मुझ विकास महला, प्रवर्तन अधिकारी तथा रामावतार प्रवर्तन अधिकारी के संयुक्त जांच दल द्वारा होटल के व्यवसाय स्थल पर पहुंच कर की गई। मौका स्थल पर श्री सुरेश पुत्र श्री घासीराम निवासी कुआं परसावाला तहसील उदयपुरवाटी मिले, जिन्होनें स्वयं को प्रतिष्ठान का प्रबन्धक बताया तथा स्वयं की उपस्थिति में निरीक्षण करवाया। मौका स्थल पर प्रतिष्ठान परिसर में 2 घरेलू गैस सिलेण्डर रखे पाये गये जिन पर प्रतिष्ठान कर्मचारी द्वारा खाद्य सामग्री बनाते हुये पाये। मौके पर प्रतिष्ठान के प्रबन्धक श्री सुरेश से पूछताछ करने पर उनके द्वारा घरेलू गैस का व्यावसायिक प्रयोग किये जाने के संबंध में कोई संतोषप्रद जबाब नही दिया गया तथा न ही इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। मौके पर पाये गये 2 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर खाद्य सामग्री बनाते पाये जाने के आधार पर श्री सुरेश प्रबन्धक तंवर होटल, शाकम्भरी गेट के पास, उदयपुरवाटी द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर्स का व्यावसायिक अवैध उपयोग की पुष्टि होती है। बिन्दु संख्या 1 से 5 में वर्णित तथ्यों के आधार पर मौके पर उपलब्ध 2 घरेलू गैस सिलेण्डर को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस ( प्रदाय एवं वितरण विनियमन ) आदेश, 2000 का उल्लंघन पाये जाने पर आदेश की धारा 13 ( 1 )( ग ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में जब्त राज लिया गया तथा सुरक्षा की दृष्टि से उक्त सामग्री मौके पर बुलवाये गये संजय पुत्र श्री मूलचन्द प्रतिनिधि श्री एच.पी. गैर सर्विस, उदयपुरवाटी की सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि श्री सुरेश पुत्र श्री घासीराम प्रबन्धक तंवर होटल, शाकम्भरी गेट के पास, उदयपुरवाटी झुंझुनू द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक अवैध उपयोग कर दुरुपयोग करना पाया गया जो कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस ( प्रदाय एवं वितरण विनियमन ) आदेश, 2000 की धारा 3,4,6 व 7 का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। अतः आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6ए के अन्तर्गत विभागीय आदेश एफ 86( 8 )खा.ले./नीति/6ए/2000 दिनांक 19.08.2000 के तहत संबंधित तेल कम्पनी को लौटाये जाने के आदेश फरमावें।

जिला कलक्टर झुन्झुनूं

बहस सुनी गई। विभागीय प्रतिनिधि ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों की पुनरावर्ती करते हुये कथन किया कि अप्रार्थी को घरेलू सिलेण्डरों का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ उपयोग कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस ( प्रदाय और वितरण विनियमन ) आदेश 2000 के धारा 3, 4, 6 व 7 का उल्ल्घंन करते पाये जाने पर मौके पर 2 घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किये गये है। अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 6ए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 मे स्वीकार कर जप्तशुदा सामग्री को संबंधित तेल कम्पनी के सुपुर्द करने के आदेश फरमावे।

अप्रार्थी ने प्रार्थी के कथनों का विरोध कर तर्क प्रस्तुत किया कि जप्तशुदा 2 घरेलू सिलेण्डर सहवन से काम में लिये जा रहे थे। अप्रार्थी सिलेण्डरों का दुरूपयोग नही कर रहा था। जप्तुशुदा सिलेण्डर पड़ोशियों के होने के कारण होटल पर रखे हुए थे। अतः अप्रार्थी के विरूद्व कार्यवाही निरस्त करते हुए जप्तशुदा सिलेण्डर दिलाने की कृपा करें।

हमने बहस उभय पक्षकारान पर बगौर मनन किया तथा पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। अप्रार्थी के 2 सिलेण्डरों की जप्त की कार्यवाही के दौरान उक्त सिलेण्डर प्रतिष्ठान पर खाद्य सामग्री बनाते हुये पाये गये है। जिससे साफ जाहिर है कि अप्रार्थी द्वारा घरेलू सिलेण्डरों का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ उपयोग कर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस ( प्रदाय और वितरण विनियमन ) आदेश 2000 के धारा 3, 4, 6 व 7 का उल्ल्घंन किया गया है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर जप्त किये गये 2 घरेलू सिलेण्डरों को राजसात कर संबंधित तेल कम्पनी को लौटाये जाने के आदेश दिये जाते है। आदेश की प्रति जिला रसद अधिकारी झुंझुनूं को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

आदेश आज दिनांक 27.04.2026 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( डॉ0 अरूण गर्ग )
जिला कलक्टर एवं
जिला मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं